(3) श्रमिकों के अधिक संख्या वाले कुछ क्षेत्रों में भारतीय खाद्य निगम के डीपुओं में अपर्याप्त स्टाक का होना ।

(4) सड़क मार्ग द्वारा खाद्यान्नों को लाने-ले जाने में कठिनाई तथा रेलवे वैगनों के आवंटन में विलम्ब ।

**दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा तिलक नगर में निर्माणों का गिराया जाना**

3275. **श्री भीखा भाई :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 1975 में तिलक नगर क्षेत्र में गिराई गई दुकानों/स्टालों के वास्तविक मालिकों को दुकानों/स्टालों का आवंटन किया गया है ;

(ख) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक योजना तैयार की थी जिसके अधीन उन दुकानदारों को किस्तों के आधार पर दुकानें/स्टाल आवंटित करने की व्यवस्था थी जो पैसे की कमी के कारण जनकपुरी में सब्जी मंडी में दुकान नहीं खरीद सके थे ;

(ग) इस योजना के अधीन दुकानों/स्टालों के आवंटन के लिए अलग अलग कितने लोगों ने आवेदन किया था और कितने लोगों को उनकी पसन्द के अनुसार दुकान अथवा स्टाल आवंटित कर दिए ;

(घ) शेष लोगों को स्टाल कब तक आवंटित कर दिए जाएंगे ; और

(ङ) क्या सरकार का विचार तिलक नगर स्थित सब्जी मंडी में दुकानों/स्टालों का आवंटन करने के प्रश्न पर विचार करने का है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) :** (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). दिल्ली विकास प्राधिकरण ने बताया है कि यह एक सामान्य योजना थी और यह केवल उन्हीं तक सीमित नहीं थी जो छोटी सब्जी मंडी में दुकान नहीं खरीद पाए थे । इस योजना के अन्तर्गत दुकानों/स्टालों के आवंटन के लिए सफाई अभियान के दौरान दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए गए विस्थापितों से 591 आवेदन पत्र (520 दुकानों और 71 स्टालों के आवंटन के लिए) प्राप्त हुए थे । इनमें से आवंटन के लिए पात्र पाए गए 101 व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्लाट की लाटरी के द्वारा दुकान/स्टाल आवंटित किए गए । ये जनकपुरी में दुकान के प्लाट आवंटित किए गए 377 व्यक्तियों के अतिरिक्त थे ।

(घ) उपर्युक्त (ख) तथा (ग) में बताई गई स्थिति को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ङ) जी, हां ।

**ट्रैक्टरों का आयात**

3276. **श्री भीखा भाई :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों से ट्रैक्टरों का आयात किया जाएगा क्योंकि देश में उनका उत्पादन बहुत कम है ;

(ख) यदि हां, तो किन किन देशों से ट्रैक्टरों का आयात किया जाएगा, और

(ग) विभिन्न राज्यों को ट्रैक्टरों का वितरण किन आधारों पर किया जाएगा और वितरण का अनुपात क्या होगा ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) :** (क) जी नहीं । ट्रैक्टरों की मांग को पूरा करने के लिए देशी उत्पादन पर्याप्त है ?

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होता ।

**Edible oil and support price of oilseeds**

3277. SHRI OSCAR FERNANDES. Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the total production and consumption of edible oils in the country. State-wise, and what are the reasons for the shortage of edible oils in the country; and

(b) the steps which Government propose to take in order to give support price to oilseeds for giving encouragement to their production?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) Extraction of edible oils from oilseeds is in the organised and unorganised industrial sectors. The total production of edible oils in the country State-wise is, therefore, not available. However from the figures of total production of edible oilseeds it is estimated that production of edible oils during 1979-80 is about 27 lakh tonnes and the consumption requirement is estimated at about 37 lakh tonnes. The reason for the shortage of edible oils